तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 विकास संबंधी जो भी आवश्यकताएं होंगी उन्हें पूरा करना मेरा प्रथम लक्ष्य : लखन



## खबर संक्षेप

### दादर क्षेत्र में फ्लाईऐश ट्रांसपोर्ट कर रहे वाहन ने उखाड़ा खंभा

**कोरबा।** दादर क्षेत्र में भी खुलेआम राखड़ को डंप किया जा रहा है जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर तो असर पड़ ही रहा है इसके अलावा दैनिक जीवन को भी प्रभावित कर रहा है। राखड़ वाहन से प्रदूषण बढ़ते जा रहा है, वहीं तेज रफ्तार वाहन के चलते लोगों की जान को भी खतरा है। मना करने के बावजूद इस क्षेत्र में मनमाने तरीके से यह काम चल रहा है। बताया जा रहा है कि कुछ महीने पहले भी राखड डंप में लगे वाहन ने बिजली का खंभा तोड़ दिया था । गांव के लगभग 21 बिजली खंभे टूट गए थे जिससे काफी नुकसान विद्युत विभाग को हुआ था। लेकिन तब भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब दोबारा वही स्थिति बनने से लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। बिजली लाइन टूटने से गांव में न सिर्फ घरों की रोशनी गई बल्कि पेयजल आपूर्ति और छोटे व्यवसाय भी प्रभावित हुए। मानिकपुर चौकी पुलिस ने इस मामले में वाहन जब्त कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

### अधिकारी-कर्मचारियों के मुख्यालय छोड़ने पर प्रतिबंध

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के आगामी षष्ठम-विधानसभा के अष्टम-सत्र के सुचारू संचालन और शासकीय कार्यों की समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुणाल दुदावत ने आगामी विधानसभा सत्र की अवधि 23 फरवरी से 20 मार्च तक जिले के समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय से बाहर रहने पर प्रतिबंध लगाया है। विधानसभा सत्र के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समय-सीमा के भीतर शासन एवं वरिष्ठ कार्यालयों को प्रेषित किया जाना अनिवार्य है। इसी गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए, कलेक्टर की अनुमति के बिना किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के जिले से बाहर जाने पर पूर्णतः रोक लगाई गई है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। इस संबंध में जिले के सभी प्रभारी अधिकारियों और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित कर दिया गया है ताकि सत्र के दौरान किसी भी प्रकार की शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न न हो।

### कनेक्टिविटी स्थापना हेतु भूमि संबंधी दावा-आपत्ति आमंत्रित

**कोरबा।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नक्शल अभियान पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर द्वारा आकांक्षी जिला योजना अंतर्गत ग्राम सखोदा, पहाड़ नंबर 20, राजस्व निरीक्षण मंडल कोरबी, तहसील पोंडी-उपरोड़ा में 4जी कनेक्टिविटी स्थापित करने हेतु चिन्हांकित भूमि के आधिपत्य प्रदाय संबंधी पत्र प्राप्त हुआ है। इस संबंध में ग्राम सखोदा के समस्त संबंधित व्यक्ति एवं संस्थाओं को अवगत कराया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त भूमि पर किसी प्रकार का दावा या आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो वे 6 मार्च तक न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

### लॉ इन्फोर्समेंट कोटपा अधिनियम की कार्यशाला

**कोरबा।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय लॉ इन्फोर्समेंट कोटपा अधिनियम विषयक कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केशरी के नेतृत्व में किया गया। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के 40 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विवेक त्रिपाठी, उप संचालक (अभियोजन) कोरबा, डॉ. मानसी जायसवाल, जिला सलाहकार (एनटीसीपी) एवं सुनील कुमार साण्डे (औषधि निरीक्षण) द्वारा तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों तथा कोटपा अधिनियम 2003 की प्रमुख धाराओं, ई-सिगरेट पर कार्यवाही, हुक्का बार में प्रतिबंध एवं विद्यालयों को तम्बाकू मुक्त बनाने के मापदंडों की जानकारी दी गई। साथ ही जिला चिकित्सालय कोरबा स्थित तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र में उपलब्ध निःशुल्क परामर्श एवं दवाओं की जानकारी प्रदान की गई।

# बीते वर्ष बांगो बांध के सूखने लगे थे कंठ, इस गर्मी में रहेगा लबालब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

प्रदेश के सबसे बड़े बांध बांगो बांध में बीते वर्ष पानी का वाटर लेवल बहुत कम हो गया था, जिससे जल संसाधन विभाग के चेहरे पर सिकन आने लगी थी लेकिन इस साल बांध के कैचमेंट में बेहतर बारिश होने की वजह से इस साल गर्मी में भी बांध लबालब के करीब है। मौजूदा स्थिति में बांध में 80 फ़ीसदी पानी है जिसके चलते हाइडल प्लांट को 16 घंटे संचालित किया जा रहा है तो वहीं आने वाले गर्मी के सीजन में निस्तारी के लिए किसानों और लोगों को भरपूर पानी मिल सकेगा।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सबसे बड़े बांगो बांध के पानी से कोरबा व आसपास के पड़ोसी जिलों के संयंत्र को संचालित किया जाता है तो वहीं आसपास के पड़ोसी जिलों के किसानों को भी खेती किसानी के लिए भरपूर पानी दिया जाता है। किसान खेती के लिए बांगो बांध के पानी पर ही निर्भर रहती है। बीते वर्ष बांध में लगातार पानी छोड़ने व हाइडल प्लांट संचालित करने की वजह से गर्मी के सीजन में बांध का वाटर लेवल बहुत तेजी से गिर गया था जिससे लगभग 40 फ़ीसदी तक जलस्तर जा पहुंचा था लेकिन इस बार वर्षा ऋतु के दौरान बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में लगातार बेहतर बारिश हुई थी जिससे गेट खोलकर वाटर लेवल को मेंटेन किया गया था। वहीं बारिश होने के कारण लगातार बांध का वाटर लेवल चढ़ता ही चला गया। अब आने वाले दिनों में गर्मी का सीजन शुरू होने वाला है ऐसे में इस साल जिले सहित आसपास के पड़ोसी जिले में किसी तरह की पानी की कमी नहीं होगी। मौजूदा स्थिति में बांगो बांध में 356.05 मीटर पानी भरा हुआ है जो कुल जल भराव का 79.23 मीटर पानी है। जबकि बीते वर्ष 19 फरवरी को बांगो बांध का वाटर लेवल 351.5 मीटर जा पहुंचा था जो बीते वर्ष की अपेक्षा इस साल बांगो बांध में 5 मीटर पानी ज्यादा है। बताया जाता है कि बांगो बांध में हाइडल प्लांट को लगभग 16 घंटे संचालित किया जा रहा है और 2 हजार क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। आने वाले मार्च और अप्रैल के महीने में किसानों को और निस्तारी के लिए पानी की किसी तरह की दिक्कत ना हो इसके लिए मार्च और अप्रैल में हाइडल प्लांट की रफ्तार और बढ़ाई जाएगी और जिससे किसानों को भरपूर पानी भी दिया जा सकेगा।

### हाईडल प्लांट को 16 घंटे किया जा रहा है संचालित

**खास बातें**

- पिछले साल की अपेक्षा इस साल बांगो बांध में 5 मीटर पानी ज्यादा



### डीपीआई ने 9वीं, 11वीं कक्षाओं की परीक्षाओं के लिए जारी किए निर्देश

# बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों के मूल्यांकन के पहले समाप्त होंगे होम एग्जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इस बार 9वीं, 11वीं कक्षाओं की परीक्षाएं बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों के मूल्यांकन के पहले समाप्त कर दी जाएंगी। ऐसा पहली बार किया जा रहा है ताकि व्याख्याता बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों के मूल्यांकन कार्य से अलग होने का बहाना ना खोज सके और मूल्यांकन कार्य के लिए शिक्षकों को नहीं छोड़ने की स्कूल के प्राचार्य होम एग्जाम होने का कारण ना बता सके।

बीते 4 फरवरी को लोक शिक्षण संचालनालय में संपन्न हुई कार्यशाला में बोर्ड परीक्षाओं के कॉपियों के मूल्यांकन कार्य में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के 9वीं, 11वीं होम एग्जाम में ड्यूटी करने के कारण नहीं पहुंचने से मूल्यांकन प्रभावित होने का मुद्दा माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड की सचिव के सामने उठाया गया था। इस पर उनके द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय से समन्वय बनाने की बात कही गई थी। उन्होंने कहा था कि 9वीं, 11वीं परीक्षाओं को हर हाल में बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों के मूल्यांकन के पहले संपन्न करा दिया जाए इसका प्रयास किया जाएगा और 19 फरवरी को डीपीआई के द्वारा आदेश जारी कर 9वीं, 11वीं के परीक्षाओं की समय सारिणी जारी की गई। इस समय सारिणी के अनुसार 2 मार्च से होम एग्जाम शुरु होंगे और 18 मार्च तक समाप्त कर दिए जाएंगे। बोर्ड परीक्षाएं सुबह की पाली में आयोजित की जा रही हैं। वहीं होम एग्जाम दोपहर की पाली में दोपहर 1 बजे शुरु होकर 4.15 बजे तक चलेगी।

**खास बात**

- 2 मार्च से दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं होंगी शुरू



### मूल्यांकन कार्य अनिवार्य सेवा घोषित

बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन कार्य राज्य शासन के द्वारा बीते वर्ष से अनिवार्य घोषित कर दिया गया है। वर्ष 2024-25 शिक्षण सत्र में बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन कार्य में जिन शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी उनमें से कुछ शिक्षक इसलिए शामिल नहीं हो सके थे कि उनकी ड्यूटी होम एग्जाम में लगाई गई थी लेकिन अब होम एग्जाम भी बोर्ड कॉपियों के मूल्यांकन के पूर्व समाप्त हो जाएंगे। लिहाजा अब जिन शिक्षकों की ड्यूटी मूल्यांकन कार्य में लगेगी उन्हें अब किसी भी तरह का बहाना बनाना भारी पड़ जाएंगे। इस वर्ष से मूल्यांकन कार्य में नहीं आने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही के भी निर्देश जारी किए गए हैं।

### ये है होम एग्जाम की समय सारिणी

| दिनांक | कक्षा 9वीं | कक्षा 11वीं |
|---|---|---|
| 02/03/2026 | गणित | भूगोल/भौतिकी/लेखा शास्त्र/कृषि |
| 07/03/2026 | अंग्रेजी | अंग्रेजी |
| 09/03/2026 | हिन्दी | राजनीति विज्ञान/रसायन शास्त्र/व्यवसाय अध्ययन/उद्यान शास्त्र |
| 11/03/2026 | संस्कृत /व्यवसायिक विषय | समस्य व्यवसायिक विषय |
| 13/03/2026 | सामाजिक विज्ञान | गणित/समाज शास्त्र/इतिहास |
| 14/03/2026 | निरंक | जीव विज्ञान/अर्थशास्त्र/पशु पालन/औद्योगिक संगठन |
| 16/03/2026 | विज्ञान | हिन्दी |

# धारदार हथियार से पति ने किया हमला पत्नी की उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित वैष्णव मंदिर के समीप निवासरत रामेश्वर साहू ने बीते शनिवार को चरित्र शंका के चलते अपनी पत्नी सुकृता पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया था। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी माँ और बहन को भी आरोपी रामेश्वर साहू ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायला महिला को उपचार के लिए जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर डीकेएस अस्पताल रेफर किया गया। गुरुवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले रामेश्वर साहू अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका करता था, जिसकी वजह से दोनों के बीच अक्सर विवाद होते रहता था। इसी बात को लेकर 14 फरवरी को रामेश्वर साहू ने अपनी पत्नी से पुनः वाद विवाद किया और सुकृता को कमरे में बंद कर उससे मारपीट की और घर में रखें धारदार हथियार से सुकृता पर हमला कर दिया। इस दौरान बीच बचाव करने आयी रामेश्वर ने अपनी माँ और बहन पर भी धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। चीखपुकार सुन कर पड़ोसियों ने घर पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए जिला मेडिकल कॉलेज में किया भर्ती कराया था जहां सुकृता साहू की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रायपुर के डीकेएस हॉस्पिटल रिफर किया गया जिसकी उपचार के दौरान गुरुवार को मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध पूर्व में धारा 307 के तहत अपराध दर्ज किया था। घायल महिला की मौत के बाद पुलिस अब हत्या का मामला दर्ज करेगी।

**खास बातें**

- पिछले एक सप्ताह पूर्व कोतवाली थाना के अंतर्गत हुई थी घटना
- घायल महिला का रायपुर के डीके अस्पताल में चल रहा था उपचार



मृतका

# खौलती दाल गिरी मासूम पर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खेलते खेलते एक दो वर्ष मासूम बच्ची खौलते हुए दाल के बर्तन की जद में आ गई थी और खौलता हुआ दाल मासूम बच्ची के ऊपर गिर गई थी जिसे वह बुरी तरह झुलस गई थी। जिसके बाद परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान मासूम बच्ची की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतामणी बस्ती निवासी शंकर सारथी की 2 वर्ष की मासूम पुत्री आराधना सारथी के घर में दाल बन रहा था और आराधना घर पर ही अकेले खेल रही थी खेलते खेलते वह खौलते हुए बर्तन के पास जा पहुंची थी और खौलता हुआ सीधा दाल आराधना सारथी के ऊपर गिर गया था जब उसकी रोने की आवाज आई तो परिजनों को पता चला जिसके बाद आनन फानन में उसके माता-पिता ने आराधना सारथी को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान गुरुवार को आराधना की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## पण्डोपारा में सरई पेड़ों की कटाई, शिकायत



**कोरबा।** जिले के कटघोरा वन मण्डल के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत लैंगा के वन परिसर के बीट गार्ड व डिप्टी रेंजर के विरूद्ध गम्भीर आरोप लगे हैं। कलेक्टर, डीएफओ से लगातार पत्राचार के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होने से पुनः शिकायत की गई है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि ग्राम पंचायत लैंगा के आश्रित मोहल्ला पंडोपारा में खुलेआम सरई पेड़ का तस्करी किया जा रहा है जिसमें डिप्टी, बीट गार्ड द्वारा क्रय करने वाले के साथ नगद 10 हजार रुपये लेकर 10 नग सरई पेड़ को काटकर विक्रय किया गया है। पैसा देते-लेते समय रेशम बाई पंडो, वहां पर उपस्थित थी जबकि उन्होंने मना किया था, फिर भी नहीं माने और खड़े-खड़े डिप्टी रेंजर, बीट गार्ड के सहमति से अवैध रूप से लकड़ी तस्करी किया जा रहा है। जिसमें भारी मात्रा में पेड़-पौधो को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

# एक तरफा प्यार में पागल प्रेमी ने युवती के घर पहुंचकर पिता पर चलाई गोली, बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 22 वर्षीय युवक एक युवती से एकतरफा प्रेम किया करता था। जब यह बात युवती के पिता को पता चली तो उसने युवक को जमकर सबक सिखाया था और उसे जमकर फटकार भी लगाई थी। यह बात उस युवक को इतनी नागवार गुजरी की वह अपने घर गया और देर रात को अपने घर से पिस्तौल लेकर अपनी प्रेमिका के घर जा पहुंचा और सीधे अपनी प्रेमिका के पिता पर फायरिंग कर दी। घटना का सुखद पहलू रहा कि गोली किसी को नहीं लगी। देर रात को गांव में फायरिंग होते ही गांव में हड़कंप मच गया और देर रात को ही पुलिस की टीम को इसकी सूचना मिली और पुलिस ने फायरिंग करने वाले युवक को हिरासत में ले लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के अनुसार बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदिरा नगर निवासी साहिल मसीह उम्र 22 वर्ष ग्राम दोंदरो निवासी एक युवती से एकतरफा प्रेम किया करता था और अक्सर उसका पीछा किया करता था। लगातार युवती साहिल की हरकतों से परेशान रहती थी। युवती के पिता को जब यह बात पता चली कि साहिल मसीह नामक युवक उसकी पुत्री को लगातार परेशान कर रहा है। यह बात पता चलते ही युवती के पिता ने साहिल को विगत दिनों जमकर फटकार लगाई थी और उसे जमकर सबक सिखाया था। जिसे लेकर साहिल मसीह काफी नाराज था और साहिल मसीह बुधवार की रात लगभग 11:30 बजे अपने घर से पिस्टल लेकर सीधे अपनी प्रेमिका के घर ग्राम दोंदरो जा पहुंचा और युवती के पिता पर फायरिंग कर दी। घटना का सुखद पहलू रहा कि किसी को गोली नहीं लगी। गांव में गोली चलने की आवाज आते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई और घटना को अंजाम देकर साहिल मौके से फरार हो गया। गांव में गोली चलने की सूचना पर बालको थाना प्रभारी युवराज तिवारी अपनी टीम सहित तत्काल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके उपरांत मामले की तहकीकात शुरू की गई और जांच के आधार पर पुलिस ने इंदिरानगर बालको निवासी साहिल मसीह नामक युवक को हिरासत में ले लिया है और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। इस पूरे मामले में जानकारी देते हुए बताया कि युवक के कब्जे से पिस्तौल भी जप्त किया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। प्राथमिक जांच के दौरान एकतरफा प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है। जहां युवक ने युवती के घर में फायरिंग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि युवक ने पिस्तौल और गोली कहां से लाई है जिसके बाद पुलिस इस मामले का खुलासा करेगी।

**खास बातें**

- बालको थाना के ग्राम दोंदरो में बुधवार की रात हुई घटना
- युवती के पिता के फटकार से युवक था नाराज

### कोयला खदानों में बीते वर्ष 44 तो वर्ष 2025 में 54 लोगों की हुई मौत

# सुरक्षा के तमाम उपायों के बाद भी कोयला खदानों में बढ़े मौत के आंकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुरक्षा के तमाम उपाय और प्रौद्योगिकियों के उपयोग के बावजूद कोयला खदानों में दुर्घटनाओं के आंकड़े कम नहीं हो रहे हैं। वर्ष 2025 में घातक यानी जानलेवा हादसे और मृत्यों के आंकड़ों में इजाफा हुआ है। वर्ष 2025 में घातक दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी हुई। 2025 में कोयला खदानों में 44 घातक दुर्घटनाएं हुईं। इसी तरह मौत के आंकड़ों में भी इजाफा हुआ है। 2025 में खदान में हुए हादसों में 54 लोगों की जान गई है।

वर्ष 2025 के अंतरिम आंकड़ों के अनुसार 118 की संख्या में गंभीर हादसे घटित हुए हैं। वर्ष वार घातक दुर्घटनाओं और मौतों पर नजर डाले तो वर्ष 2021 में घातक दुर्घटना 43 और मृत्यु 51 तो वर्ष 2022 में घातक दुर्घटना 24 तो 28 मौत इसी तरह 2023 में घातक दुर्घटना 38 तो 41 मौत, वर्ष 2024 में घातक दुर्घटना 38 तो 49 की मौत हुई है। 2025 में घातक दुर्घटना 44 और 54 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि खानों में सुरक्षा के लिए प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया जाता है जिनमें मुख्य रुप से सुरक्षित और स्वच्छ प्रचालन के लिए कंटीन्यूअस माइनर्स (भूमिगत खानें), सरफेस माइनर्स और वर्टिकल रिपर्स (ओपनकास्ट खान) और हाई वॉल माइनिंग सहित विस्फोट-रहित और पर्यावरण के अनुकूल खनन विधियों को अपनाना। मशीनीकृत स्तर नियंत्रण प्रणालियां, जिसमें उन्नत रुफ ड्रिलिंग मशीनें जैसे क्वाड बोल्टर, ट्विन बोल्टर और यूनिवर्सल ड्रिलिंग मशीन (यूडीएम), रुफ बोल्टिंग एंकरिंग के लिए रेजिन कैप्सूल और उन्नत स्तर निगरानी उपकरण शामिल हैं। बेहतर सटीकता के लिए गैस क्रोमैटोग्राफ (जीसी) का उपयोग करके उन्नत खान वायु विश्लेषण। चुनिंदा यूजी खानों में पर्यावरण टेली-मॉनिटरिंग सिस्टम (ईटीएमएस) और लोकल मीथेन डिटेक्टरों के माध्यम से रियल-टाइम में खान वायु की निगरानी। डंप और बेंच स्थिरता का आकलन करने के लिए ओपनकास्ट खानों में ढलान निगरानी प्रणाली संस्थापित की गई है। जीपीएस-सक्षम वाहन ट्रैकिंग सिस्टम (वीटीएस), ऑपरेटर इंडिपेंडेंट ट्रक डिस्पैच सिस्टम (ओआईटीडीएस) और जियो-फेंसिंग के माध्यम से बढ़ी हुई परिवहन सुरक्षा। वीडियो-एनालिटिक्स-आधारित एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्रों (आईसीसीसी) के माध्यम से रियल-टाइम सुरक्षा निगरानी। आधुनिक प्रशिक्षण, जिसमें एचईएमएम ऑपरेटरों के लिए सिम्युलेटर-आधारित प्रशिक्षण और वीआर-आधारित सुरक्षा प्रशिक्षण शामिल हैं। धूल नियंत्रण के उन्नत उपाय, जैसे फोग कैनन, मिस्ट स्प्रे सिस्टम, व्हील वॉशिंग और मैकिनिकल स्वीपर का इस्तेमाल किया जाता है। बावजूद इसके खदानों में हादसों का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है।



फाइल फोटो

## संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत, जांच में जुटी में पुलिस

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन के समीप दो दिनों पूर्व राजेश यादव 18 वर्ष की संदिग्ध अवस्था में चोट लगने पर स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां पिछले दो दिनों से राजेश यादव का उपचार चल रहा था। इलाज के दौरान गुरुवार को राजेश की मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। बताया जाता है कि राजेश कहां का रहने वाला है और उसके परिजन कहां रहते हैं जानकारी नहीं मिल पायी है। पुलिस का कहना है कि मृत युवक के परिजनों की तलाश की जा रही है जिसके बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।

**खबर संक्षेप**

### ओडिशा से गांजा लेकर आया युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ओडिशा से ट्रेन में गांजा लेकर रेलवे स्टेशन से बाहर निकलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया है। उसके पास से 10 किलो 594 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। तारबाहर पुलिस को सूचना मिली रेलवे स्टेशन के पास रेलवे अंग्रेजी मीडियम स्कूल के पास एक युवक ट्राली बैग में गांजा रखकर खड़ा हुआ है। एसआई रामनरेश यादव ने स्टाप के साथ स्कूल के पास घेराबंदी करते हुए हिमांश यादव पिता मनोज यादव 20 साल रेलवे कालोनी झारसुगुड़ा ओडिशा निवासी को पकड़ लिया। ट्राली बैग की तलाशी लेने पर अलग अलग पैकेट में 10 किलो 594 ग्राम गांजा मिला। पुलिस के अनुसार, आरोपी ओडिशा से गांजा लेकर ट्रेन से शहर आया और बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार करते हुए खड़ा हुआ था। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



### भारी वाहन की टक्कर से कार सवार घायल

**बिलासपुर।** भारी वाहन के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए कार को टक्कर मार दी, जिससे कार सवार व्यक्ति घायल हो गए और कार के परखच्चे उड़ गए। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मस्तूरी पुलिस के अनुसार, बुधवार को मल्हार निवासी लक्ष्मी प्रसाद त्रिपाठी अपनी कार क्रमांक सीजी 10 एएस, 1640 में किसी काम मस्तूरी गए थे। रात 10.30 बजे वापस मल्हार लौट रहे थे। वेद परसदा व टिकरी के बीच मल्हार की ओर से जा रहे भारी वाहन के चालक ने तेज गति से वाहन चलाते हुए उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में श्री त्रिपाठी गंभीर रूप से घायल हो गए और कार के सामने हिस्से के परखच्चे उड़ गए। श्री त्रिपाठी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी कृष्णा साहू ने बताया, अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार घायल हो गए है। परिजन के द्वारा रिपोर्ट नहीं लिखाई गई है।

### कार को टक्कर मारकर ट्रेलर पेड़ से टकराया



**बिलासपुर।** तेज रफ्तार ट्रेलर कार को टक्कर मारते हुए पेड़ से टकरा गया। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। तोरवा पुलिस के अनुसार, गुरूवार की रात 9 बजे मस्तूरी की ओर से आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 एआर, 6273 के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए एक कार को टक्कर मार दी, चालक ने तेज रफ्तार से भागने की कोशिश की तो गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में किसी को चोट नहीं आई है। दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

### राशन दुकान आवंटन के लिए आवेदन 13 मार्च तक

बिलासपुर। जिले के विकासखंड मस्तूरी के अंतर्गत 8 ग्रामों में उचित मूल्य (राशन) दुकानों के संचालन के लिए 13 मार्च तक आवेदन आमंत्रित हैं। एसडीएम कार्यालय के अनुसार इसमें बूढ़ीखार, गतोरा, केवतरा, गोडाडीह, मस्तूरी, मटिया, शिवटिकारी एवं सुकुलकारी ग्रामों में राशन दुकान खोलना है। इन ग्रामों राशन दुकान के लिए पात्र स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायत अथवा सहकारी संस्थाएं निर्धारित आवेदन कर सकती हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 13 मार्च है। इच्छुक आवेदकों को अपना आवेदन मस्तूरी स्थित एसडीएम कार्यालय की खाद्य शाखा में जमा करना होगा। आवेदन निर्धारित फॉर्मेट में तैयार कर ए-4 आकार के लिफाफे में प्रस्तुत करना होगा। खाद्य निरीक्षक ने पात्र संस्थाओं से समय-सीमा के भीतर आवेदन प्रस्तुत करने कहा है।

**रास्ता बदलते रहे शहरवासी, लेकिन हर रास्ते में फंसे**

**कांग्रेस के मनरेगा बचाओ आंदोलन के तहत प्रशासन ने लगाया बैरीकेड्स**


# कलेक्टोरेट के आधे किमी. दूर चारों ओर रास्ता जाम, हलाकान होते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कांग्रेस के मनरेगा बचाओ आंदोलन के मद्देनजर कलेक्टोरेट के चारों ओर आधे किलोमीटर की दूरी में गुरूवार को हर रास्ते में जाम की स्थिति रही। पुलिस प्रशासन द्वारा नेहरू चौक, रजिस्ट्री आफिस रोड एवं शफर स्कूल चौक में बेरीकेट्स लगा दिए जाने के कारण लोग रास्ता बदलकर आवागमन करते रहे, लेकिन हर रास्ते में लगे लंबे जाम में फंसकर हलाकान होते रहे।

■ गुरूवार को पूरे दिन कलेक्टोरेट क्षेत्र में जाम जैसी स्थिति बनी रही

शहर के सबसे व्यस्ततम एवं आवाजाही वाले कलेक्टोरेट क्षेत्र में गुरूवार को पूरे दिन जाम जैसी स्थिति रही। कांग्रेस के मनरेगा बचाओ आंदोलन के मद्देनजर जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा एक दिन पहले से ही ठोस तैयारी कर ली गई थी। इसके अंतर्गत नेहरू चौक के पास बेरीकेट्स लगा दिए गए थे। इसी तरह एसपी आफिस के ठीक सामने टाऊन हॉल के बाजू से सिंचाई विभाग की ओर जाने वाली सड़क पर भी बेरीकेटिंग की गई थी। इसी तरह कलेक्टोरेट से थोड़ा और आगे जाने पर शेफर स्कूल चौक के पास भी बेरीकेटिंग करने के कारण लोगों को आवागमन का रास्ता ही नहीं मिल सका था। लिहाजा लोग रास्ता बदलकर जाने का प्रयास करने लगे।



नेहरू चौक पर कांग्रेस के मनरेगा बचाओ आंदोलन के कारण बिलासपुर-रायपुर रोड पर घंटों लगा रहा जाम।

एक ही समय में अचानक छोटी एवं कम चौड़ी सड़कों पर बड़ी संख्या में वाहन चलने के कारण हर सड़क पर जाम की स्थिति रही। लोग शेफर स्कूल चौक से कुदुदंड होकर नेहरू चौक या सरकंडा की ओर जाने का प्रयास करते रहे, जिससे कुदुदंड रोड काफी संकरा होने के कारण लोगों को फंसना पड़ा। टाऊन हॉल के बाजू से सिंचाई विभाग वाले चौक तक सड़क के दोनों ओर खड़े वाहनों ने आवागमन का रास्ता रोककर रखा था, जिससे लंबा जाम लग गया।

इसी तरह सिंचाई विभाग चौक से आईजी आफिस होते हुए नेहरू चौक वाले मुख्य मार्ग एवं सिंचाई विभाग चौक से वेयर हाऊस रोड जाने वाली सड़क पर भी वाहनों की लंबी लाईन व जाम की स्थिति रही। लोगों ने मेनरोड पर बेरीकेटिंग होने के बाद अंदर की सड़क से आवागमन करने व जल्दी पहुंचने का प्रयास किया था, लेकिन कोई भी प्रयास काम नहीं आया व लोगों को जाम में फंसना ही पड़ा।

### जाम में फंसे रहे दर्जनों विभाग के कर्मचारी

कांग्रेस के प्रदर्शन के कारण की गई बेरीकेटिंग के चलते सर्वाधिक प्रभावित शासकीय कर्मचारी नजर आए। इस दौरान कलेक्टोरेट, नई कंपोजिट बिल्डिंग, पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग, जिला पंचायत, महिला बाल विकास विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ी। इन सभी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारयों को अपने वाहन अपने कार्यालय से काफी पहले खड़ा कर पैदल ही जाना पड़ा। ज्यादातर कर्मचारियों ने अपने वाहन टाऊन हॉल परिसर एवं टाऊन हॉल के बाजू से सिंचाई विभाग की ओर जाने वाले मार्ग में खड़ा किया था, जिसके कारण ही सबसे अधिक जाम की स्थिति निर्मित हुई।

**मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर कांग्रेस ने किया आंदोलन**

# कलेक्टोरेट का घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों और पुलिस बल के बीच जमकर धक्कामुक्की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कलेक्टोरेट का घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों और पुलिस बल के बीच जमकर धक्कामुक्की हुई। मनरेगा बचाओ संग्राम तहत जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरुवार को केन्द्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोला गया और प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की गई।

■ केन्द्र सरकार के खिलाफ कांग्रेसजनों ने की नारेबाजी

मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरुवार को नेहरू चौक पर धरना प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एकजुट होकर केंद्र सरकार द्वारा नया कानून वीबी-जी राम जी कानून वापस लेने की मांग करते हुए विरोध जताया या। नेहरू चौक से कांग्रेसी कलेक्ट्रेट घेराव करने नारेबाजी करते हुए कूच किए। लेकिन एसबीआई बैंक के ठीक पहले पुलिस, प्रशासन ने टीन की ऊंची दीवार खड़ी कर दी थी और बेरिकेड लगा दिया था। बेरिकेड तक जाने के लिए कांग्रेसियों की भीड़ और पुलिस बल के साथ जमकर धक्कामुक्की हुई। काफी प्रयास के बाद धक्कामुक्की कर कांग्रेस कार्यकर्ता बेरिकेड तक पहुंच तो गए, किन्तु टीन ऊंची दीवार के चलते उन्हें वहीं रूकना पड़ा। काफी देर तक प्रदर्शन नारेबाजी करने के बाद कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन की ओर से मौके पर पहुंचे एसडीएम मनीष साहू को ज्ञापन सौंपा।

आज के घेराव आंदोलन में पूर्व शहर अध्यक्ष विजय पांडे, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, पूर्व सांसद ईग्रीड मैकलाउड ,पूर्व महापौर रामशरण यादव, प्रमोद नायक, राजेंद्र शुक्ला नेता प्रतिपक्ष भारत कश्यप ,आशीष सिंह , रविन्द्र सिंह,आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



कांग्रेसियों को नेहरू चौक पर कलेक्टोरेट जाने से रोकते पुलिस के जवान।

### मजदूरों के अधिकार समाप्त कर रही: गंगोत्री

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ग्रामीण महेन्द्र गंगोत्री ने कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा योजना को कमजोर कर मजदूरों के अधिकारों को समाप्त करने का प्रयास कर रही है।

### मनरेगा राशि भुगतान केन्द्र करें: सुद्धांशु

शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा ने कहा कि मनरेगा की राशि का भुगतान केंद्र सरकार द्वारा ही किया जाना चाहिए न कि राज्य सरकार पर इसका आर्थिक बोझ डाला जाए।

### गांधी का नाम मिटाने की साजिश: केशरवानी

जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं मनरेगा अचाओ महासंग्राम के संभाग प्रभारी विजय केशरवानी ने कहा कि कांग्रेस इस खेल का विरोध सड़क से सदन तक करते रहेगी।



आंदोलन के दौरान उपस्थित कांग्रेस नेता।

### सड़क से सदन तक लड़ाई

कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ने मजदूरों की मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार जारी रहेगा। सड़क से सदन तक की लड़ाई अनवरत जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि केंद्र कि नरेंद्र मोदी सरकार मजदूरों के अधिकारों का हनन कर रही है और बरसों पुरानी मनरेगा योजना को खत्म कर रही है, जिससे न केवल मजदूरों को आर्थिक नुकसान होगा बल्कि उनके सामने रोजगार की एक बड़ी समस्या भी खड़ी हो जाएगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा ग्रामीण रोजगार कानून मनरेगा को निरस्त करने के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा 45 दिनों से राष्ट्रव्यापी अभियान 'मनरेगा बचाओ संग्राम' चला रही है। आंदोलन के तहत जिले के सभी विकासखंडों में धरना-प्रदर्शन, जन चौपाल, उपवास और पदयात्रा जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यकर्ताओं ने तख्तियां और बैनर लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की तथा मनरेगा को मजबूत करने की मांग उठाई।

**एक बार फिर बूढ़ा तालाब में मृत मिले 8 कछुए**

# 6 दिन में 12 कछुओं की मौत से फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

6 दिन के अंतराल में रतनपुर के मां महामाया मंदिर के पास बने बूढ़ा तालाब में 8 कछुओं की मौत एक बार फिर हो गई है। इससे अब मृत कछुओं की संख्या 4 से बढ़कर 12 पहुंच गई है, जिसकी मौत के बाद पूरे मंदिर परिसर में सनसनी फैल गई है।

■ पहले मां महामाया कुंड में हुई थी चार कछुओं की मौत

कुछ दिन पहले रतनपुर के मां महामाया मंदिर के कुंड में चार कछुए मृत अवस्था में मिले थे, जिसकी सूचना मंदिर प्रबंधन ने रतनपुर वन परिक्षेत्र के स्टाफ को दी थी। सूचना मिलने के बाद रतनपुर वन परिक्षेत्र की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कछुओं का शव कुंड से बाहर निकालने के बाद उसका पोस्टमार्टम कराया था। चार दिन के बाद कानन पेण्डारी जू के वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. पीके चंदन की रिपोर्ट से चारों कछुओं की मौत का कारण अंदरूनी चोट को बताया गया। इन चारों कछुओं की पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद रतनपुर वन परिक्षेत्र के परिक्षेत्र अधिकारी और अन्य स्टाफ ने जांच शुरु ही की थी कि एक बार फिर मां महामाया मंदिर के पास बूढ़ा तालाब में आठ कछुए की लाश तैरती हुई दिखाई दी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिसके बाद बूढ़ा तालाब पहुंचकर आठों कछुओं का शव बाहर निकाला गया। मौके पर पोस्टमार्टम कराने के दौरान कछुओं की मौत का कारण एक बार फिर अंदरूनी चोट को दर्शाया गया। इससे स्पष्ट हो गया कि कछुओं को लाठी से पीट पीटकर मारा गया है, जिसके कारण उनके शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। इसके बाद अब



विभागीय टीम सीसी टीवी फुटेज खंगालने के साथ आसपास के लोगों से भी पूछताछ करने में जुट गई है।

### कछुआ संरक्षित वन्यजीव

वन विभाग के अफसरों के अनुसार कछुआ अनुसूची एक के संरक्षित वन्यजीव है, जिनकी हत्या गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। लगातार हो रही घटनाओं ने वन विभाग की चिंता बढ़ा दी है। अफसरों का कहना है कि यदि शिकार या सुनियोजित हत्या की पुष्टि होती है तो दोषियों के खिलाफ कड़ी सजा की कार्रवाई होगी। फिलहाल कछुओं की मौत के पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा है और लोग इस बेरहम करतूत पर आक्रोश जता रहे हैं।

### की जा रही जांच

बूढ़ा महादेव के तालाब में आठ कछुए मृत अवस्था में मिले हैं। इनका भी पोस्टमार्टम हो गया है, जिनकी मौत के कारण की जानकारी अंदरूनी चोट के कारण मिल रही है। फिलहाल रिपोर्ट अब तक नहीं मिली है। कछुओं की मौत के कारण जांच शुरु करने के अलावा सभी लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।

**-देवसिंह ठाकुर**, रेंजर, रतनपुर वन परिक्षेत्र

### लाठी से पीटकर हत्या की आशंका

मां महामाया मंदिर परिसर के कुंड में चार कछुए मृत मिले थे, जिनके पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि मौत स्वाभाविक नहीं बल्कि किसी भारी वस्तु या लाठी से वार किए जाने के कारण उन्हें मारा गया है। सभी कछुओं के शरीर पर एक जैसे चोट के निशान पाए गए हैं। वन विभाग की टीम ने मंदिर परिसर के सीसी टीवी फुटेज खंगालने के साथ मंदिर प्रबंधन और सुरक्षा कर्मियों से पूछताछ शुरु कर दी है। मृत कछुओं की उम्र महज चार से पांच महीने बताई जा रही है।

**रामचंद्रपुर पुलिस ने की कार्रवाई**

# 104 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ झारखण्ड के दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अवैध शराब तस्करी के मामले में रामचंद्रपुर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने झारखंड के दो तस्करों को 104 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर पुलिस को 18 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली थी की झारखण्ड के गढ़वा चिनिया का अभिमन्यु गुप्ता कार से अवैध अंग्रेजी शराब की बिक्री करने के लिए ग्राम खुरई के रास्ते रामचंद्रपुर आ रहा है। सूचना के बाद एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर पुलिस टीम ने रास्ते में घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस ने सफेद रंग के टाटा टैगोर कार क्रमांक जेएच 03 एवी 3301 को रोककर हाथ देकर रोका गया। इस दौरान पुलिस को देखते ही दो तस्कर भागने लगे जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर धर दबोचा। पुलिस ने आरोपियों की पहचान झारखंड के गढ़वा चिनिया अंतर्गत ग्राम ग्राम डोल निवासी 30 वर्षीय अभिमन्यु गुप्ता आ. हरिप्रसाद गुप्ता व सहयोगी 23 वर्षीय प्रभात कुमार गुप्ता आ. अशोक गुप्ता के रूप में की गई। आरोपियों को हिरासत में लेकर पुलिस ने वाहन की जांच की। तलाशी के दौरान 8 पेटी ब्लेंडर प्राइस चार पेटी( 186 पाव) रॉयल स्टेज कुल करीब 104 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया जिसकी कीमत 1 लाख 46 हजार 820 व



कार कीमत 4 लाख रुपए को जब्त किया गया है। मामले में रामचंद्रपुर पुलिस ने आरोपी अभिमन्यु गुप्ता व प्रभात कुमार गुप्ता को आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# नि:शुल्क आर्थोपेडिक परामर्श निदान शिविर 22 को

**बिलासपुर।** भारतीय जैन संघठना (बीजेएस) बिलासपुर द्वारा शेल्बी हॉस्पिटल अहमदाबाद के सुप्रसिद्ध डॉक्टरों की उपस्थिति में कन्हैयालाल गंगवाल की स्मृति में निःशुल्क आर्थोपेडिक परामर्श एवं निदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 22 फरवरी रविवार को सुबह 8.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक जैन भवन टिकरापारा में आयोजित होगा। जिसका रजिस्ट्रेशन शुरू है।

बीजीएस के बिलासपुर अध्यक्ष अंशुल जैन एवं सुनीता जैन ने बताया कि शिविर में शेल्बी हॉस्पिटल अहमदाबाद के सुप्रसिद्ध चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। वरिष्ठ आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. धीरन मांकड़ एवं आर्थोपेडिक मेडिकल ऑफिसर डॉ. परेश गमारा एवं फिजियोथैरेपिस्ट डॉ मार्टिन मरीजों का परीक्षण कर परामर्श देंगे । इच्छुक मरीजों से अग्रिम पंजीयन कराने तथा अपने पूर्व चिकित्सा परीक्षण संबंधी रिपोर्ट साथ लाने कहा गया है। यह शिविर भारतीय जैन संगठना एवं सकल जैन समाज के सहयोग से लगाई जा रही है जो कि पूर्णता निःशुल्क है। यह शिविर छग के प्रदेश अध्यक्ष विजय गंगवाल, महासचिव विकास जैन, प्रदेश सचिव अमरेश जैन के प्रयासों से दो दिवसीय बिलासपुर में 22 एवं कोरबा में 21 फरवरी को किया जा रहा है।



कोरबा में योगेश जैन एवं पारस जैन के सहयोग से शिविर को सफल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। पंजीयन के लिए अमरेश जैन, अंशुल जैन, सुनीता जैन, अमित जैन, रितु जैन, प्रवीण कोचर, अजय छाजेड, सुमित बोथरा, मनोज जैन, गोपाल वेलाणी, पराग जैन, राजू भाई तेजाणी, अभिनव डाकलिया से संपर्क कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### श्री सप्तदेव मंदिर में राणीसती दादी का संगीतमय मंगलपाठ

**कोरबा।** प्रत्येक माह की अमावस्या को श्री सप्तदेव मंदिर में माँ श्री राणीसती दादी का संगीतमय मंगलपाठ किया जाता है। इसी तारतम्य में मंगलवार को श्री सप्तदेव मंदिर में दोपहर 3.30 बजे से शाम 5 बजे तक माँ श्री राणीसती दादी का संगीतमय मंगलपाठ श्रीमती लीना अग्रवाल एवं मनीषा मोदी के द्वारा किया गया जिसमें उपस्थित मंगलपाठी बहनों ने अपने पूर्ण परिधान नथ, चूडा चुनडी के साथ एक लय एवं एक राग में संगीतमय मंगलपाठ कर पूरा वातावरण भक्तिमय कर दिया। मंगलपाठ के समापन के पश्चात भगवान की आरती की गई एवं प्रसाद वितरित किया गया तत्पश्चात उपस्थित भक्तजनों को मंदिर में होने वाले आगामी कार्यक्रमों की जानकारी मंदिर की प्रमुख ट्रस्टी प्रेमा अग्रवाल ने दी एवं बताया कि 19 मार्च को हिन्दू नववर्ष के अवसर पर निकाली जाने वाली शोभायात्रा का श्री सप्तदेव मंदिर में भव्य स्वागत किया जायेगा एवं इस अवसर पर शरबत, मठठा एवं खिचडी का वितरण किया जायेगा एवं इस हेतु जो भी इस अवसर पर श्रमदान करना चाहते हो वे अपना श्रमदान कर पुण्य लाभ अर्जित करे। उन्होंने कार्यक्रम की अग्रिम सूचना देते हुए बताया कि 2 मार्च को रात्रि 12 बजे होली दहन का मुहुर्त है तथा 3 मार्च को प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक सूतक लगेगा तत्पश्चात 7 बजे तक ग्रहण होगा। प्रेमा अग्रवाल ने बताया कि श्री सप्तदेव मंदिर महिला मंडल के द्वारा होली मिलन समारोह 6 मार्च को मंदिर मे होगा।

### एसईसीएल गेवरा में अंतर क्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता का समापन

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा परियोजना मिनीरत्न कंपनी के द्वारा विगत दिनों एसईसीएल गेवरा के इंदिरा स्टेडियम मे अंतर क्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें गेवरा इकाई की टीम ने प्रथम स्थान बनाते हुए गेवरा को अव्वल दर्जा प्रदान किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य कोयलांचल क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों में प्राथमिक उपचार कौशल, आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता तथा सुरक्षा जागरूकता को सुदृढ़ करना था। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों की टीमों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्ट्रेचर ड्रिल, टर्न आउट ड्रिल (मार्च पास्ट) तथा सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक मूल्यांकन के माध्यम से अपनी दक्षता प्रदर्शित की। 48 टीमों की भागीदारी के साथ प्रतियोगिता पूरी तरह संपन्न हुई। सभी निर्धारित चरण समय पर संपन्न हुए और निष्पक्षता से परिणाम घोषित किए गए।

# ऑनलाइन यूथ मैनेजमेंट सिस्टम पर प्राथमिकता से होगा काम

## स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला संगठन आयुक्तों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्यालय रायपुर में आयोजित समीक्षा बैठक में मंगलवार को राज्य मुख्य आयुक्त ने मेम्बरशिप ग्रोथ पर जोर दिया गया। जिला संगठन आयुक्तों के साथ आयोजित हुई बैठक की अध्यक्षता राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने की। बैठक में विशेष रूप से राज्य कोषाध्यक्ष हेमंत देवांगन की उपस्थिति रही।

जिलों के कामकाज को लेकर निर्धारित एजेंडा अनुसार वन-टू-वन समीक्षा की गई। जिला संगठन आयुक्तों ने एक- एक कर शैक्षणिक सत्र 2024- 25 एवं 2025- 26 में अर्जित अंशदान की जानकारी दी। राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने शत प्रतिशत शासकीय विद्यालयों से अंशदान जमा करवाने कहा। स्वामी आत्मानन्द विद्यालयों से भी अंशदान जमा करवाने निर्देशित किया गया। राज्य मुख्य आयुक्त ने जिला संगठन आयुक्तों से ऑनलाइन यूथ मैनेजमेंट सिस्टम पर प्राथमिकता के साथ फोकस करने कहा। ओवाईएमएस के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर या आईटी के जानकार लीडर्स एवं रोवर्स, रेंजर्स का सहयोग लेने कहा गया। जिलों में सक्रिय लीडर्स की जानकारी ली गई। सत्र 2024- 25 एवं 2025- 26 में बेसिक कोर्स की स्थिति, बेसिक कोर्स पश्चात कितनी यूनिट प्रारंभ की गई इसको लेकर जिला संगठन आयुक्तों से चर्चा की गई। नए शैक्षणिक सत्र में बेसिक कोर्स के लिए कार्ययोजना बनाने कहा गया। जिला वार्षिक कार्यक्रम एवं क्रियान्वयन की स्थिति, डिस्ट्रिक्ट मेम्बरशिप ग्रोथ स्ट्रेटजी तथा जिले का मेम्बरशिप ग्रोथ लक्ष्य, डिस्ट्रिक्ट डैशबोर्ड, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के शिविर व कार्यक्रमों में सहभागिता की स्थिति, सत्र 2024- 25 एवं 2025- 26 में जिले के आय व्यय की स्थिति पर भी चर्चा की गई। 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी तथा बालोद में आयोजित हुई प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी में सहभागिता को लेकर समीक्षा की गई। बैठक का संचालन प्रभारी राज्य सचिव सरिता पाण्डेय ने किया। बैठक में सयुंक्त राज्य सचिव बीना यादव, स्टेट कॉर्डिनेटर मोहम्मद सादिक़ शेख़, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त अमित क्षत्रिय, राज्य संगठन आयुक्त द्वय पूनम साहू, जलवती साहू की प्रमुख रूप से उपस्थिति रही। बैठक में कोरबा डीओसी उत्तरा मानिकपुरी सम्मिलित हुईं।



## ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहा है विभाग का अभियान

# चलित जागरूकता रथ से सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति का संदेश



अभियान के दौरान उपस्थित विभाग के कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा जन-जागरूकता की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया गया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने एक विशेष चलित जागरूकता रथ का संचालन शुरू किया। यह पहल न केवल शहर बल्कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

यह जागरूकता रथ नगर और गांवों में घूम-घूमकर नागरिकों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा, हेलमेट और सीटबेल्ट के उपयोग के महत्व के बारे में जानकारी दे रहा है। साथ ही, लोगों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करने का भी प्रयास किया जा रहा है। रथ के माध्यम से पाम्पलेट वितरण, लाउडस्पीकर संदेश और सीधे संवाद के जरिए लोगों तक जरूरी जानकारी पहुंचाई जा रही है। थाना प्रभारी श्री तिवारी ने बताया कि वर्तमान समय में किसान बड़ी संख्या में अपना धान बेचकर बैंक से नगद राशि निकाल रहे हैं, जिससे उनके ठगी का शिकार होने का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में यह जागरूकता अभियान लोगों को सतर्क रहने और सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री को रोकने में भी यह रथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पुलिस का मानना है कि जागरूकता ही अपराध और दुर्घटनाओं को कम करने का सबसे प्रभावी तरीका है। यह पहल न केवल कानून व्यवस्था को मजबूत करेगी, बल्कि लोगों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित करेगी।

### पसान पुलिस ने भी चलाया अभियान



पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में थाना पसान द्वारा क्षेत्र में बढ़ती लूट, उठाईगिरी, चोरी एवं धोखाधड़ी जैसी आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु विशेष जन-जागरूकता अभियान संचालित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत ग्राम कोटवारों के माध्यम से मुनियादी कराकर आमजन को अज्ञात एवं संदिग्ध व्यक्तियों के प्रति सतर्क रहने, बाहरी व्यक्तियों की गतिविधियों पर निगरानी रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु जागरूक किया गया। थाना प्रभारी द्वारा ग्राम पसान के साप्ताहिक बाजार का भ्रमण कर सराफा व्यापारियों एवं अन्य दुकानदारों को आवश्यक सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। व्यापारियों को सीसीटीवी कैमरे नियमित रूप से संचालित रखने, लेन-देन में विशेष सावधानी बरतने एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु निर्देशित किया गया। पसान ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक एवं क्षेत्र की शराब भट्ठी के सुपरवाइजर को भी उठाईगिरी, लूट एवं डकैती की घटनाओं की रोकथाम के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा कार्यालय व परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों को सतत चालू रखने एवं निगरानी सुदृढ़ करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना पसान पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि वे सजग एवं सतर्क रहें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

# बालको अस्पताल परिसर में नई फार्मेसी का शुभारंभ



फार्मेसी के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित बालको के कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको मेडिकल सेंटर द्वारा बालको अस्पताल परिसर में एक नई फार्मेसी (औषधि भंडार) की शुरुआत की गई है। इस फार्मेसी का उद्घाटन भारत एल्यूमिनियम कंपनी बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार तथा बालको मेडिकल सेंटर की चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही द्वारा किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के मुख्य चिकित्सक अधिकारी विवेक सिंहा एवं कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी तथा गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

बालको के सीईओ राजेश कुमार ने कहा कि यह पहल क्षेत्र के लोगों को बेहतर, सुलभ और भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे मरीजों को उपचार के साथ-साथ दवाइयाँ भी उसी परिसर में आसानी से मिल सकेंगी। कंपनी हमेशा सामुदायिक स्वास्थ्य विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इसका उद्देश्य कोरबा एवं आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को एक ही स्थान पर आसानी से कम कीमत और उचित समय पर आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध कराना है। नई फार्मेसी के शुरू होने से अब मरीजों और उनके परिजनों को दवाइयों के लिए शहर के दूर-दराज इलाकों में भटकना नहीं पड़ेगा। यहाँ सामान्य से लेकर विशेष उपचार में उपयोग होने वाली आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध रहेंगी, जिन पर विशेष रियायत भी दी जाएगी, जिससे इलाज का खर्च कम होगा और मरीजों को समय पर दवा मिल सकेगी।

## निधन

### श्रवण साहू



**कोरबा।** शहर के वरिष्ठ पत्रकार एवं कोरबा प्रेस क्लब के सदस्य श्रवण साहू उम्र 64 वर्ष का 19 फरवरी की दोपहर आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी अंतिम यात्रा 20 फरवरी की सुबह उनके पथर्रीपारा कोरबा स्थित निवास गणेश चौक के पास से निकल कर ढेंगुरनाला स्थित मुक्तिधाम जाएगी, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे अपने पीछे पुत्र-पुत्री, पत्नी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। उनके निधन पर कोरबा प्रेस क्लब ने शोक व्यक्त की है।

### गोविंदराम अग्रवाल



**कोरबा।** दर्री रोड क्षेत्र में निवासरत नैतिक ट्रेडर्स दर्री रोड कोरबा के संचालक नवीन अग्रवाल (नारियल वाले) के पिता गोविंदराम अग्रवाल 75 वर्ष का निधन 19 फरवरी को हो गया है। गोविंदराम अग्रवाल की अंतिम यात्रा 20 फरवरी को प्रातः 10 बजे उनके निवास स्थान दर्री रोड से मोतीसागरपारा मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी। उनके निधन की खबर से परिजन, रिश्तेदार, मित्र, अग्रवाल समाज, व्यवसायी, सहित अंचल में शोक व्याप्त हैं।

# शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल पोड़ी-उपरोड़ा में लापरवाही उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोंड़ी-उपरोड़ा स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में बोर्ड परीक्षा से पहले हुए औचक

**खास बात**

- विधायक मरकाम ने किया निरीक्षण, उठाए सवाल



स्कूल में बैठक लेते विधायक तुलेश्वर मरकाम।

निरीक्षण में कई व्यवस्थागत खामियां सामने आई हैं। पाली-तानाखार क्षेत्र के विधायक तुलेश्वर मरकाम द्वारा किए गए निरीक्षण ने शिक्षा व्यवस्था की जमीनी स्थिति को उजागर कर दिया है। विद्यालय में लगभग 1200 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं और 20 फरवरी से 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ होने जा रही हैं।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की गंभीर कमी पाई गई। परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण समय में स्वच्छता व्यवस्था कमजोर होना प्रशासनिक तैयारी पर सवाल खड़े करता है। कई शिक्षक निर्धारित समय पर अनुपस्थित पाए गए। इसे शैक्षणिक अनुशासन और विद्यार्थियों की परीक्षा तैयारी के लिए गंभीर चिंता का विषय माना गया। भोजन की गुणवत्ता, वितरण व्यवस्था और निगरानी में कमियां सामने आईं, जिससे योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर प्रश्न उठे। व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए विधायक ने परिसर की स्वच्छता सुधारने, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और अध्ययन वातावरण बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी को पूरे मामले की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने लापरवाही स्वीकार करते हुए सुधारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। पालकों ने पूर्व शिकायतों के बावजूद सुधार नहीं होने की बात कही। विधायक ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने को प्राथमिकता बताते हुए विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। यह निरीक्षण शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# सोशल मीडिया के दुरुपयोग का मानसिक स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव : डॉ तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



कार्यशाला को संबोधित करते हुए चिकित्सक।

शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार परिसर में शैक्षणिक जीवन में मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत तथा उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार किया गया। कार्यशाला का आरंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम एम वैष्णव ने कार्यशाला की भूमिका रखते हुए आमंत्रित विशेषज्ञों से सबका परिचय कराया। प्राचार्य श्री वैष्णव ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य का प्रभाव आपकी कार्यकुशलता और सामाजिक व्यवहार पर सीधा असर करता है। यदि आपका मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं है तो कार्यस्थल पर आपके कार्य की गुणवत्ता, निर्णय लेने की क्षमता आदि प्रभावित होती है। इस कार्यशाला का उद्देश्य शैक्षणिक जीवन में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना और शिक्षकों और छात्रों को तनाव प्रबंधन की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय कोरबा के डॉ संजय तिवारी तथा काउंसलर ताराचंद श्रीवास्तव ने छात्र छात्राओं और शिक्षको को संबोधित करते हुए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और तनाव संबंधी समस्याओं की शीघ्र पहचान कर उसके संबंध में शीघ्र सकारात्मक कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। डॉ संजय तिवारी ने कहा कि मानसिक रूप से परेशान लोगों की घर परिवार तथा उनके मित्र ही सहायता कर सकते हैं। इसलिए आपके परिचित का व्यवहार यदि असामान्य प्रतीत होता है तो तुरंत उससे बात करें। उससे आत्मीयता के साथ चर्चा करें और आवश्यकतानुसार ऐसे लोगों को काउंसिलिंग के लिए, चिकित्सकीय परामर्श के लिए विशेषज्ञ के पास ले जाएं। आपकी जागरूकता ही ऐसे लोगों को आत्महत्या तथा अन्य अनावश्यक कदम से दूर रख सकती है। मानसिक स्वास्थ्य आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इस दिशा में इस तरह की कार्यशाला की नितांत आवश्यकता है। इस अवसर पर विभिन्न चर्चाओं एवं संवाद के माध्यम से प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया। सहायक प्राध्यापक शिवकुमार दुबे ने मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में रोचक प्रश्न पूछे तथा विशेषज्ञों द्वारा दिए उत्तर से सभी लाभान्वित हुए।कार्यक्रम का संचालन डॉ. के के दुबे ने किया। इस अवसर पर डॉ अर्चना बोरकर, श्रवण कुमार, रितेश यादव, रोशन पांडेय तथा महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

# मैदान में उतरने वाला हर एक खिलाड़ी विजेता : डॉ. सहारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्व केशव लाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 के तीसरे दिन

**खास बात**

- प्रतियोगिता के तीसरे दिन एसपी 11 ने मेडिकल कॉलेज की टीम को किया पराजित



प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित मेडिकल कालेज के डीन व अन्य।

एसपी 11 और मेडिकल कॉलेज की टीम के बीच मैच खेला गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. केके सहारे रहे। विशिष्ट अतिथियों में मेडिकल कॉलेज के सीएस डॉ. गोपाल कंवर, अस्पताल अधीक्षक डॉ रविकांत जाटवर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी की उपस्थिति रही। इस अवसर पर डॉ सहारे ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में हार जीत तो होती है, लेकिन असली विजेता वही है जो मैदान पर उतरता है। मैदान में उतरने वाला हर एक खिलाड़ी विजेता होता है। उन्होंने प्रेस क्लब के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि वरिष्ठ पत्रकार स्व केशव लाल मेहता कि स्मृति में आयोजित यह प्रतियोगिता एक अनूठी पहल है। विशिष्ट अतिथियों ने कहा कि कोरबा प्रेस क्लब 22 वें वर्ष यह आयोजन कर रहा है।आयोजन के लिए प्रेस क्लब परिवार बधाई का पात्र है। प्रतियोगिता में पहले बल्लेबाजी करते हुए एसपी 11 की टीम ने 7 विकेट के नुकसान पर 113 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेडिकल कॉलेज की टीम निर्धारित 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 81 रन ही बना सकी। इस तरह एसपी 11 की टीम ने 32 रन से मुकाबला जीत लिया। एसपी 11 की ओर से घातक गेंदबाजी करने वाले इरफान खान (7 देकर 3 विकेट) को मेन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया।

# बरपाली में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के युवाओं को निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने हेतु गुरुवार को सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह की उपस्थिति में शासकीय महाविद्यालय बरपाली विकासखण्ड करतला में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब का गठन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए पोस्टर, रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब गठित किये जाने के उद्देश्यों तथा एस.आई.आर.का महत्व बताया। उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले प्रत्येक युवा को एक जागरूक मतदाता के रूप में अपना नाम पंजीकृत कराने के लिए प्रेरित किये। उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं के योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए जिले में संचालित स्वीप कार्यक्रम से जुड़कर सक्रिय योगदान देने क़े लिए कहा। कार्यक्रम में सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह ने इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के गठन के उद्देश्यों को विस्तार से बताया।


कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### छात्रावास अधीक्षक को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय के छात्रावास अधीक्षक राज कमलसेन के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह प्राचार्य डा. एम एम वैष्णव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। महाविद्यालय परिवार ने समारोह में श्री सेन को भावपूर्ण विदाई दी गई। श्री सेन ने महाविद्यालय में करीब दो वर्षों तक कार्य किया। उन्होंने महाविद्यालय के विभिन्न दायित्वों को पूर्ण निष्ठा के साथ संपन्न किया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. वैष्णव ने श्री सेन की कालेज में दी गई सेवाओं की सरहाना की। ग्रंथपाल अशोक मिश्रा ने के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बहुत ही कम समय के कार्यकाल में श्री सेन ने सभी के हृदय में अपना विशिष्ट स्थान बनाया। कार्यकम का संचालन तथा आभार प्रदर्शन शिव कुमार दुबे ने किया। इस अवसर पर डॉ अनिल कुमार पांडेय,, डॉ महेश वर्मा, अंजली कंवर, मदन लाल गुरुद्वान, प्रदीप पांडे ,राखी कंवर, कृष्णा यादव एवं समस्त महाविद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।

### कमला नेहरू महाविद्यालय में आयोजित हुई संगोष्ठी



**कोरबा।** जिले के युवाओं को निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने हेतु 19 फरवरी को सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह की उपस्थिति में कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब पर आधारित संगोष्ठी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय में ईएलसी क्लब का गठन किया गया। संगोष्ठी में उपस्थित सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब एवं एस.आई.आर.का महत्व बताया तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले प्रत्येक युवा को एक जागरूक मतदाता के रूप में अपने मतदान केंद्र में अपना नाम पंजीकृत कराने के लिए प्रेरित किये। उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं के योगदान को महत्वपूर्ण बताया । संगोष्ठी में उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर ने युवा छात्र-छात्राओं से लोकतंत्र की मज़बूती के लिए आगे आकर अपना योगदान देने के लिए कहा। कार्यक्रम का संचालन वाय.के.तिवारी जिला संगठक एन.एस.एस. के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक- गोविन्द माधव तिवारी कार्यक्रम अधिकारी एन.एस.एस., प्रीति महंत महाविद्यालय स्वीप प्रभारी, ए. के. सोनी, वेदव्रत उपाध्याय, विशुभा सिंह, विकास पाण्डेय,स्वीप कैम्पस एम्बेसडर छात्र देवांश तिवारी, मुस्कान राजपूत सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### 114 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को दिया गया एनसीडी प्रशिक्षण



**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एस.एन. केशरी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग, यूनिसेफ तथा एकम फाउंडेशन के सहयोग से गैर संचारी रोग (एनसीडी) पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में जिले के 114 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को छत्तीसगढ़ में टाइप 1 डायबिटीज के बढ़ते प्रभाव, परामर्श तकनीक, सामुदायिक जागरूकता तथा इसके नैदानिक प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला के दौरान पेशेंट सपोर्ट ग्रुप और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की भूमिका के साथ-साथ रोगियों एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर भी गहन चर्चा की गई। प्रशिक्षण में विशेष रूप से इस बात पर बल दिया गया कि स्वास्थ्य कर्मी किस प्रकार टाइप 1 डायबिटीज मरीजों और उनके परिवारों को सामाजिक, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और आर्थिक बोझ से निपटने के लिए प्रभावी परामर्श प्रदान कर सकते हैं। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र को सीएमएचओ डॉ केशरी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिता सोना, यूनिसेफ स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. गजेन्द्र सिंह एवं जिला प्रबंधक (अस्पताल) कुमारी गीता एक्का द्वारा संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला प्रबंधक (एन.एच.एम.) पद्माकर शिंदे तथा एनसीडी कंसल्टेंट डॉ. नरेन्द्र जायसवाल का विशेष सहयोग रहा।

# ग्राम पंचायतों के क्यूआर कोड नहीं हो रहे अपडेट, एक क्लिक से नहीं मिल रही है खर्चों की जानकारी

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम पंचायतों के लिए जारी होने वाली शासकीय योजनाओं की राशि के खर्च में पारदर्शिता लाने के लिए ग्राम पंचायतों में लगाए गए क्यूआर कोड के अपडेट नहीं होने से योजनाओं के तहत प्राप्त राशि और खर्च हुई राशि का विवरण सहित गांव की परिसंपत्तियों की जानकारी भी एक क्लीक से आम लोगों को नहीं मिल पा रही है। हालांकि अभी भी कई ऐसी पंचायतें हैं जो क्यूआर कोड का इंतजार कर रही हैं।

ग्राम पंचायतों में क्यूआर कोड लगाकर उसे अपडेट कराने की जिम्मेदारी निभाने वाले अधिकारियों ने क्यूआर कोड लगवाकर इस ओर झांकना तक जरुरी नहीं समझा। क्यूआर कोड लगाने के बाद उससे विकास कार्यों के लिए जारी होने वाली राशि एवं खर्च का विवरण अपडेट किया जा रहा है या नहीं यह सब देखने की फुर्सत जनपद के जिम्मेदार अधिकारियो को भी नहीं है। यही कारण है कि जनपद के द्वारा क्यूआर कोड लगाए जाने के बाद उसे अपडेट कैसे किया जा रहा है इसकी समीक्षा के लिए जनपद में होने वाली पंचायत सचिव की बैठक में इसकी समीक्षा भी नहीं होती। कई पंचायतें ऐसी हैं कि जहां अभी भी क्यूआर कोड नहीं लगा है। अगर लगाया भी गया होगा तो उसे उखाड़ दिया गया है। 5 हजार से अधिक आबादी वाली बड़ी ग्राम पंचायतों में क्यूआर कोड प्राथमिकता से लगाए गए थे ताकि इन ग्राम पंचायतों में शासकीय मद से होने वाले कार्यों के लिए खर्च होने वाली राशि का विवरण एक क्लीक से प्राप्त किया जा सके।

## पंचायत भवन में लगाए गए हैं क्यूआर कोड

**खास बातें**

- पंचायत की जानकारियां भी नहीं मिल पा रही
- कार्यों में पारदर्शिता लगाने लगाए गए थे कोड




### पंचायतों को वसूलना है संपतिकर

बड़े ग्राम पंचायतों को संपति कर भी वसूलने की जिम्मेदारी दी गई है। जिनमें शासकीय, अशासकीय व्यवसायिक भवन से टैक्स वसूलना प्रमुख रुप से शामिल है। जिससे ग्राम पंचायतों को राजस्व आय की प्राप्ति हो सके किंतु ग्राम पंचायत के सचिव अपने ही पंचायत के राजस्व आय वाले श्रोत की जानकारी ऑनलाइन अपलोड नहीं किए हैं इससे ग्राम पंचायतों को टैक्स वसूलने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जब रिकार्ड ही अपडेट नहीं हो रहे हैं तो ऐसी स्थिति में संपतिकर वसूलना पंचायतों के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है।

## उद्योग मंत्री एवं महापौर ने 1 करोड़ 58 लाख रू. के विकास कार्यो का किया भूमिपूजन

# विकास संबंधी जो भी आवश्यकताएं होंगी उन्हें पूरा करना मेरा प्रथम लक्ष्य : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मैं आप सबके परिवार का एक छोटा सा सदस्य हूं, मेरे ऊपर आप सबका पूरा अधिकार है, आपकी विकास संबंधी जो भी आवश्यकताएं होंगी, उन्हें पूरा करना, मेरा प्रथम लक्ष्य है, उन्हें अवश्य पूरा किया जाएगा। यहाँ पर मंगल भवन व सामुदायिक भवन का निर्माण होने से बस्तीवासियों के अपने पारिवारिक, सामाजिक व सार्वजनिक कार्यक्रमों हेतु सुविधायुक्त स्थल उपलब्ध हो सकेगा, बस्तीवासियों की यह पुरानी मांग थी, जो आप सब के आशीर्वाद से आज पूरी हो रही है।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने विकास कार्यों के भूमिपूजन के दौरान कही। निगम के वार्ड क्र. 17 में मंगल भवन एवं 19 में सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा, वहीं दादरखुर्द बस्ती की जीर्ण-शीर्ण सड़क का कायाकल्प होगा। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने एक ओर जहाँ वार्ड क्र. 17 के मंगल भवन व दादरखुर्द बस्ती के सड़क डामरीकरण कार्य हेतु भूमिपूजन किया, वहीं वार्ड क्र. 19 में बनने जा रहे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ नारियल तोड़कर किया। निगम द्वारा वार्ड क्र. 17 ढोढ़ीपारा भैंसखटाल में काली मंदिर के समीप 20 लाख रूपये की लागत से मंगल भवन का निर्माण कराया जाएगा, जिसका भूमिपूजन उद्योग मंत्री श्री देवांगन व महापौर श्रीमती राजपूत के द्वारा किया गया। इसी प्रकार वार्ड क्र. 19 ढोढ़ीपारा के सामने स्थिता बस्ती में 20 लाख रूपये की लागत से क्षत्रिय राठौर समाज की मांग के अनुरूप 20 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाना हैं, जिसका विधिवत शुभारंभ उनके करकमलों से किया गया। निगम द्वारा वार्ड क्र. 34 दादर के कंकालिन मंदिर के सामने से जगन्नाथ मंदिर होते हुए मुख्य द्वार तक सड़क डामरीकरण का कार्य 1 करोड़ 18 लाख रूपये की लागत से निगम द्वारा कराया जाना हैं, उक्त महत्वपूर्ण विकास कार्य का भूमिपूजन भी उद्योग मंत्री श्री देवांगन व महापौर श्रीमती राजपूत के करकमलों से सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभापति नूतन सिंह ठाकुर व वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन के साथ ही पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, मुकेश राठौर, सुनीता चौहान, ममता यादव, अजय गोंड़, रामकुमार साहू, मंडल अध्यक्ष मनोज लहरे, डॉ.राजेश राठौर, मिलाप बरेठ, जगदीश श्रीवास, सुनीता राठौर, कृष्णा द्विवेदी, प्रफुल्ल तिवारी, ईश्वर साहू, नारायण सिंह ठाकुर, पुनीराम देवांगन, नरेन्द्र पाटनवार, अनिल यादव, धनसाय साहू, संजय कुमवंशी, हारबाई यादव, आशीष द्विवेदी, सुरेन्द्र राजवाडे, गिरधारी रजक, हरनारायण विश्वकर्मा, जितेन्द्र साहू आदि के साथ काफी संख्या में वार्डो के नागरिकगण उपस्थित थे।



लोकार्पण के दौरान उपस्थित उद्योग मंत्री, महापौर व अन्य।

### बिना भेदभाव के हो रहे विकास कार्य

इस अवसर पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने कहा कि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के दिशानिर्देश पर निगम क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे है, जिसके परिणाम स्वरूप लोगो की बरसो की समस्याएं दूर हो रही है। उन्होंने कहा कि उद्योग मंत्री श्री देवांगन अपने सहज, सरल स्वभाव के लिए जाने जाते है, तथा सभी को अपना मानकर कोरबा के विकास के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं, जिसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूँ, तथा कामना करता हूँ कि वे सदैव पूरी सक्षमता से जनता जनार्दन की सेवा करते रहे।

# पूर्व कृषि मंडी अधिकारी पर यौन उत्पीड़न का आरोप, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा में पदस्थ रह चुके एक पूर्व कृषि मंडी अधिकारी पर एक महिला ने गंभीर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी अधिकारी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

पीड़िता के अनुसार जब आरोपी राहुल साहू कटघोरा में कृषि मंडी अधिकारी के पद पर कार्यरत था, उसी दौरान उसने शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ करीब एक वर्ष तक दैहिक संबंध बनाए। महिला का आरोप है कि आरोपी लगातार शादी का आश्वासन देता रहा, जिससे वह उसके झांसे में आ गई। पीड़िता ने बताया कि इसी महीने दोनों की शादी तय होने वाली थी लेकिन अचानक राहुल साहू ने अपना फोन बंद कर लिया और संपर्क से बाहर हो गया। जब महिला ने किसी तरह उससे संपर्क किया, तो उसने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि शादी से इनकार करने के साथ ही आरोपी ने उसे धमकाया और कहा कि जो करना है कर लो। इस घटना से आहत महिला ने तत्काल कटघोरा थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर तथा कटघोरा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश ठाकुर, एसडीओपी विजय सिंह राजपूत के मार्गदर्शन पर कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक टीम गठित की, जिसमें एसआई राजेन्द्र प्रताप सिंह और उनकी टीम शामिल थी। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी राहुल साहू को रायगढ़ जिले के घरघोड़ा से गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि वह वर्तमान में वहीं पदस्थ था। गिरफ्तारी के बाद कटघोरा पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।



आरोपी मंडी अधिकारी।

# पोड़ी उपरोड़ा में पत्थर खदान के खिलाफ भड़का जनआक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी उपरोड़ा विकास खंड के ग्राम सरमा एवं तनेरा में प्रस्तावित स्टोन माइन (पत्थर खदान) परियोजना को लेकर विरोध देखा जा रहा है। मूलनिवासी किसान संघ प्रदेश अध्यक्ष लाल बहादुर सिंह कोर्राम ने 14 फरवरी को आयोजित जनसुनवाई को फर्जी बताते हुए इसे निरस्त करने और पर्यावरणीय स्वीकृति न देने की मांग की है।

दरसल संघ ने पोड़ी उपरोड़ा एसडीएम के माध्यम से छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को सौंपे ज्ञापन में आरोप लगाया है कि जनसुनवाई की प्रक्रिया केवल औपचारिकता बनकर रह गई। स्थानीय प्रभावित मूलनिवासी किसानों की आपत्तियों को सही तरीके से दर्ज नहीं किया गया और ग्राम सभा की पूर्न सहमति भी नहीं ली गई, जो कि पेसा कानून 1996 के तहत आवश्यक है। संघ का कहना है कि प्रस्तावित खनन से क्षेत्र की कृषि भूमि बंजर हो सकती है तथा जल स्त्रोतों के प्रदूषित होने का खतरा है। ईआईए रिपोर्ट में स्थानीय पारिस्थितिकी, वन एवं वन्यजीवों पर संभावित दुष्प्रभावों का समुचित उल्लेख नहीं किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि यह क्षेत्र हाथियों के आवागमन का मार्ग रहा है, ऐसे में खनन कार्य से मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ सकता है। मूलनिवासी किसान संघ ने वनाधिकार कानून 2006 और जनसुनवाई अधिसूचना 2006 के प्रावधानों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा है कि जब तक व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वनाधिकार दावों का निराकरण नहीं होता, तब तक किसी भी प्रकार की गैर-वानिकी गतिविधि की अनुमति देना अवैध होगा। संघ ने प्रशासन की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए हैं और चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर फर्जी जनसुनवाई की जांच कर इसे निरस्त नहीं किया गया तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

# रंगोत्सव पर महिला समूह बना रहे सुरक्षित हर्बल गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

होली के रंगोत्सव को लेकर जिले में इस बार हर्बल गुलाल की खास मांग देखी जा रही है। जिले में 15 से अधिक महिला स्व-सहायता समूह प्राकृतिक और सुरक्षित हर्बल गुलाल तैयार कर रहे हैं। इन समूहों द्वारा बनाए गए रंग न केवल आकर्षक हैं, बल्कि स्वास्थ्य के लिहाज से भी सुरक्षित बताए जा रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि गुलाल बनाने में उपयोग किए जा चुके फूलों को पुनरू प्रोसेस कर रंग तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा पालक, चुकंदर, हल्दी, मेहंदी, नीम सहित विभिन्न सब्जियों और भाजी के पत्तों के रस से अलग-अलग रंग और सुगंध विकसित की जा रही है। प्राकृतिक तत्वों से तैयार यह गुलाल त्वचा के लिए सुरक्षित माना जा रहा है। इन महिला समूहों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कच्चा माल और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया। शुरुआत में समूहों ने अपने आसपास के क्षेत्रों में हर्बल गुलाल की बिक्री शुरू की। गुणवत्ता और सुरक्षित होने के कारण लोगों ने इसे पसंद किया और धीरे-धीरे अन्य इलाकों से भी मांग आने लगी। धंवईपुर, पोटापानी, कोई, अजगरबहार, सेंद्रीपाली में इस तरह के काम से जुड़ीं महिलाओं ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से वे इस प्रकार के उत्पाद तैयार कर रही हैं और इससे अच्छी आमदनी भी हो रही है। होली के सीजन में विशेष रूप से मांग बढ़ जाती है, जिससे समूहों की आय में इजाफा होता है।

# बीएमएस ने केंद्र सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा, 25 को मनाएंगे विरोध दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ द्वारा 25 फरवरी को देश में विरोध दिवस मनाया जाएगा। इस दिन बीएमएस सभी जिला मुख्यालय पर धरना और प्रदर्शन कोगा ताकि केंद्र और राज्य सरकारों पर अलग-अलग सेक्टर और इंडस्ट्री के वर्कर्स की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को हल करने के लिए दबाव डाला जा सके।

बीएमएस ने केंद्र सरकार के सामने निरंतर कई ज़रूरी मुद्दे उठाए हैं, लेकिन जवाब ठंडा और नाकाफी रहा है। लाखों मिड-डे मील वर्कर्स और आशा वर्कर्स को अभी भी बहुत कम मानदेय मिल रहा है। पांच दशकों की सेवा के बाद भी, आंगनबाड़ी वर्कर्स को अभी भी सिर्फ स्कीम वर्कर्स माना जाता है, जबकि उन्हें लगातार बढ़ते काम के बोझ के साथ दिन में 10 घंटे से ज़्यादा काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। महिला और बाल विकास मंत्रालय उनका मानदेय बढ़ाने में आनाकानी कर रहा है, जबकि लगातार अतिरिक्त ज़िम्मेदारियां दे रहा है। बीएमएस के जनरल सेक्रेटरी सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि 8 राज्यों में नेशनल टेक्सटाइल कॉर्पोरेशन मिल्स के वर्कर्स को महामारी के बाद से सिर्फ़ 50 प्रतिशत सैलरी मिल रही है और पिछले दस महीनों से सैलरी पेंडिंग है। रांची में हैवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन के एम्प्लॉइज को पिछले 32 महीनों से सैलरी नहीं मिली है। यही हाल कई दूसरी यूनिट्स का भी है। ईपीएस-95 के तहत मिनिमम पेंशन एक हजार में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिससे लाखों पेंशनर्स को बहुत मुश्किल हो रही है। बैंक एम्प्लॉइज भी हफ़्ते में पाँच दिन काम करने के लिए आंदोलन करने को मजबूर हैं। इन गंभीर चिंताओं को देखते हुए, देशभर में बीएमएस यूनिट्स धरना, विरोध, प्रदर्शन, रैलियां, गेट मीटिंग्स करेंगी, काला फीता लगाएगी। ज़िला अधिकारियों के ज़रिए प्रधानमंत्री, केंद्रीय श्रम मंत्री और राज्यों के मुख्यमंत्रियों को संबोधित ज्ञापन सौंपेंगी, जिसमें इन मुद्दों पर तत्काल समाधान की मांग की जाएगी।

**खास बात**

- कर्मियों के मुद्दों पर अब तक नहीं मिला जवाब

### ये है मुख्य मांगें

सभी सेक्टर और वर्कर्स की कैटेगरी में, बिना किसी छूट के, अंत्योदय की सच्ची भावना के साथ लेबर कानूनों को सख्ती से और सबके लिए लागू किया जाए। इंडस्ट्रियल रिलेशन्स कोड, 2020 और ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशंस कोड, 2020 में वर्कर्स की चिंताओं को दूर करें और उन्हें ठीक करें। इंडियन लेबर कॉन्फ्रेंस को तुरंत बुलाएं और वर्कर्स की भलाई के लिए उनके रेगुलर, असरदार और सही काम को पक्का करने के लिए अलग-अलग तीन-तरफ़ा कमेटियों को फिर से बनाएं। सभी स्कीम वर्कर्स का महीने का मानदेय बढ़ाएं। ईपीएस 95 के तहत मिनिमम पेंशन एक हजार से बढ़ाकर 75 सौ करें। एनटीसी मिल्स, एचईसी रांची, आईटीआई, एचएमटी, वगैरह जैसे पीएसयूएस में बकाया सैलरी दें। बैंकिंग इंडस्ट्री में 5-दिन का काम वाला हफ़्ता शुरू करें। ईपीएस-95 के तहत मिनिमम पेंशन एक हजार से बढ़ाकर 75 सौ प्रति महीना करें, साथ ही महंगाई राहत भी दें। ईएसआई और ईपीएफ के तहत कवरेज की लिमिट बढ़ाई जाए ताकि ज़्यादा से ज़्यादा वर्कर्स को फ़ायदा मिल सके।

### फूलेरा दूज पर शांतिनगर शिव मंदिर में हुई विशेष पूजा



**हरदीबाजार।** फूलेरा दूज के अवसर पर हरदीबाजार शांतिनगर स्थित स्व. श्रीमती कंचन बाई राठौर की स्मृति में निर्मित शिव मंदिर में भक्तों ने फूलों की फूलेरा व फूलों से सजाया और जलाभिषेक कर सामुहिक आरती गाकर पुष्पांजली अर्पित कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर संयोजक राजाराम राठौर,रशिम राठौर,मुरारी अग्रवाल,ऋचि अग्रवाल, सुनीता साहू, शांति साहू, ज्योति राठौर, निशी राठौर, निर्मला गुप्ता, सरिता राठौर, वंदना राठौर, सुमित्रा यादव, कौशिल्या साहू, अनिता पाटकर काव्या राठौर, शिवम राठौर,प्रिंस ,बेबी, दद्दू,कान्हा युआन राठौर सहित शिव भक्तों ने पूजा अर्चना कर भोला बाबा को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

